Regarding setting up of an ESIC Hospital in PalgharParliamentary Constituency-laid

डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) : मैं माननीय श्रम एवं रोजगार मंत्री महोदय का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र पालघर में कामगारों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधा की ओर दिलाना चाहता हूँ जिसे बढाने की अत्यंत आवश्यकता है । पालघर, महाराष्ट्र राज्य में तेजी से विकसित होने वाले शहरों में से एक है । यह शहर औद्योगिक रूप से भी काफी विकसित और और विस्तारित हुआ है । मुम्बई और ठाणे जिले के नजदीक होने के कारण पालघर जिले का वसई-विरार में काफी उद्योग धंधे लगे हुए हैं, जहाँ बडी संख्या में कामगार काम करते हैं । यहाँ तीन तीन MIDC- तारापुर, कुडुस और बोईसर हैं । पिछले कई सालो में कामगारों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी हुई है परन्तु यहाँ के कामगारों की संख्या के अनुपात में अस्पताल और डिस्पेंसरी की संख्या कम हैं । एक वर्ष पूर्व तत्कालीन श्रम एवं रोजगार मंत्री ने घोषणा की थी कि पालघर में एक ESIC अस्पताल बनाया जाएगा । उस वक्त महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री महोदय ने राज्य सरकार की ओर से ESIC को अस्पताल बनाने के लिए तुरंत जमीन उपलब्ध कराने का आदेश दिया था ताकि जल्द से जल्द पालघर में ESIC अस्पताल की स्थापना की जा सके । मेरा माननीय श्रम एवं रोजगार मंत्री महोदय से विनम्रतापूर्वक आग्रह है कि पालघर जिले में नए ESIC अस्पताल बनाने के कार्य में तेजी लाई जाए ताकि यहाँ के कामगारों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सके ।